Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
पाठ –10‘जो देखकर भी नहीं देखते’ (निबंध)	Topic: प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग	Note: Pl. write in your note book

पाठ – 10 ‘जो देखकर भी नहीं देखते’(निबंध)

प्रश्नोत्तर -

प्रश्न -1- जो देखकर भी नहीं देखते’ पाठ की लेखिका का नाम क्या है ?
उत्तर - जो देखकर भी नहीं देखते’ पाठ की लेखिका का नाम हेलेन केलर है ।

प्रश्न -2- हेलेन केलर किस आयु में अपनी देखने-सुनने की शक्ति खो चुकी थी ?
उत्तर - हेलेन केलर डेढ़ वर्ष की आयु में अपनी देखने-सुनने की शक्ति खो चुकी थी ।

प्रश्न -3- चीड़ के वृक्ष की छाल कैसी होती है ?
उत्तर - चीड़ के पेड़ की छाल खुरदरी होती है ।

प्रश्न -4- लेखिका की सहेली कहाँ से सैर करके लौटी थी ?
उत्तर - लेखिका की सहेली जंगल से सैर करके लौटी थी ।

प्रश्न -5- किस मौसम में लेखिका टहनियों पर नई कलियाँ खोजती है ?
उत्तर - बसंत के मौसम में लेखिका टहनियों पर नई खोजती है ।

प्रश्न -6 -लेखिका को दिखाई नहीं देता , फिर भी वह चीजों को कैसे पहचान लेती है ?
उत्तर- लेखिका को दिखाई नहीं देता परंतु वह चीजों को छूकर पहचान लेती है।

प्रश्न-7- भोजपत्र के पेड़ की छाल कैसी होती है ?
उत्तर- भोजपत्र के पेड़ की छाल चिकनी होती है।

प्रश्न-8- अपनी क्षमताओं कदर कौन नहीं करता ?
उत्तर- मनुष्य अपनी क्षमताओं की कदर नहीं करता।

प्रश्न 9- लेखिका को झरने का पानी कब आनंदित करता है?
उत्तर - लेखिका जब झरने के पानी में उंगलियाँ डालकर उसके बहाव को महसूस करती है । तब वह आनंदित हो उठती है

प्रश्न-10- हेलेन केलर अपने मित्रों की परीक्षा क्यों लेती थी ?

उत्तर - हेलेन केलर यह जानने के लिए अपने मित्रों की परीक्षा लेती है कि उन्होंने जंगल में क्या-क्या देखा है ?

प्रश्न -11- 'जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं' – हेलेन केलर को ऐसा क्यों लगता था?

उत्तर - जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं' – हेलेन केलर को ऐसा इसलिए लगता था क्योंकि आँखों वाले लोग पूछने पर उनसे कहा करते थे कि उन्होंने कुछ खास नहीं देखा। प्रकृति की जो सुंदरता वह आँखें ना होते हुए भी महसूस कर लेती थी उसे उसके मित्र आँखें होते हुए भी महसूस नहीं कर पाते थे ।

प्रश्न-12- 'कुछ खास तो नहीं'- हेलेन की मित्र ने यह जवाब किस मौके पर दिया और यह सुनकर हेलेन को आश्चर्य क्यों नहीं हुआ ?

उत्तर - हेलेन केलर की प्रिय मित्र जब जंगल की सैर से वापस आई तो हेलेन ने उससे पूछा कि उसने जंगल में क्या देखा ? इस पर उसका जवाब था - कुछ खास तो नहीं । हेलेन केलर को यह सुनकर आश्चर्य नहीं हुआ क्योंकि वह इस तरह के उत्तरों की आदि हो चुकी थी ।

शब्दार्थ -

1- दृष्टिहीन- अँधा , blind
2 -प्राकृतिक – कुदरती natural
3 -दृष्टि – देखने की ताकत , निगाह sight , glance
4 - अचरज – आश्चर्य surprise
5 - आदी होना – आदत पड़ जाना habitual
6 - विश्वास – यकीन -faith
7 - विशेष – खास special
8 - स्पर्श- छूना touch
9 - मखमली सतह – मुलायम परत soft surface
10 - बनावट- निर्माण , structure
11 - अपार-बेहद असीम incomparable, shoreless
12 - स्पर्श करना – छूना a touch,
13 - मधुर स्वर –मीठी आवाज़ Melodious voice
14 - अहसास- अनुभव feeling, experience
15 - मन मुग्ध होना –मन प्रसन्न होना to be happy
16 - समाँ – वातावरण season, time period
17 - क्षमताओं –गुण,ताकत capacity

व्याकरण भाग - उपसर्ग ,प्रत्यय , वाक्यांश –

प्रश्न - 1 - दिए गए उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए -

1 -	ना	-	ना +पसंद	-	नापसंद ,	ना +समझ	-	नासमझ
2 -	निर्	-	निर्+भय	-	निर्भय ,	निर्+दोष	-	निर्दोष
3 -	हम	-	हम +राही	-	हमराही ,	हम +सफ़र	-	हमसफ़र
4 -	अप	-	अप+मान	-	अपमान,	अप+शब्द	-	अपशब्द
5 -	वि	-	वि +देश	-	विदेश ,	वि+नाश	-	विनाश
6-	ख़ुश	-	ख़ुश+बू	-	ख़ुशबू ,	ख़ुश+किस्मत		ख़ुशकिस्मत
7-	भर	-	भर +पूर	-	भरपूर ,	भर +पेट	-	भरपेट

प्रश्न -2 - दिए गए प्रत्ययों से दो - दो शब्द बनाइए –

1 -	पन	-	बच्चा+पन	-	बचपन ,	लड़का+पन	-	लड़कपन
2 -	आपा	-	बूढ़ा+आपा	-	बुढ़ापा ,	मोटा+आपा	-	मोटापा
3 -	नाक	-	शर्म+ नाक	-	शर्मनाक ,	दर्द+नाक	-	दर्दनाक
4 -	त्व	-	अपना+त्व	-	अपनत्व ,	देव+त्व	-	देवत्व
5 -	मान	-	शक्ति+मान	-	शक्तिमान ,	बुद्धि+मान	-	बुद्धिमान
6-	ईन	-	रंग+ईन	-	रंगीन ,	नमक+ईन	-	नमकीन
7-	इक		धर्म+ इक	-	धार्मिक ,	सामाज+इक	-	सामाजिक

प्रश्न - 3 - दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –

1- सत्य बोलने वाला -	सत्यवादी
2- जिसमें सहने की शक्ति हो	सहनशील
3- जिसके पास धन न हो	निर्धन
4- जिसके पास धन हो	धनवान
5- जो दिखाई न दे	अदृश्य
6- स्वयं सेवा करनेवाला	स्वयंसेवक
7- जो चिकित्सा करता हो	चिकित्सक
8- जिसका आकार हो	साकार
9- जल में रहनेवाला	जलचर
10-नभ में रहनेवाला	नभचर

****